**दिनांक 09.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में कैमूर जिलान्तर्गत चाँद प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त परिवाद पर विचार विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति:-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - कैमूर जिलान्तर्गत चॉद प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹10,79,51,700/- (मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-1045(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 10,72,83,046/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 12,95,39,135/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-112659(भ0) 25-26 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-09.09.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 04.09.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 18.09.2025 / 22.09.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 03.10.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 04.10.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - (1) अरविन्द कुमार सिंह, बेली रोड, पटना।<br>(2) अजय कुमार पटेल, भभुआ, वार्ड नं0-6, कैमूर।<br>(3) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, पकरी, आरा।<br>(4) अजय कुमार सिंह, बारे, कैमूर, भभुआ। |

12 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य:-</u>**

**<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-</u>**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-</u>**

दिनांक 02.12.2025 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार मे से तीन निविदाकार को सफल एवं एक निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार है:-

**सफल निविदाकारः-**

(1) अरविन्द कुमार सिंह, बेली रोड, पटना।
(2) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, पकरी, आरा।
(3) अजय कुमार सिंह, बारे, कैमूर, भभुआ।

**असफल निविदाकारः-**

(4) अजय कुमार पटेल, भभुआ, वार्ड नं0-6, कैमूर द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि पूर्व के निविदा में संलग्न Annual Financial Turn Over एवं इस बार के निविदा में संलग्न Annual Financial Turn Over के वित्तीय वर्ष में कार्य प्रकृति में Manupulation किया गया है पूर्व में Annual Financial Turn Over के Form 3CD में Nature of Business or Profession में Whole Sale & Retail Trade दर्शाया गया था एवं इस बार Sales की जगह Construction दर्शाया गया है। इस प्रकार Annual Turn Over का कागजात फर्जी प्रतीत होता है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(a) एवं 4.7 के तह्त तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-08.12.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

13 **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

| परिवादी द्वारा दिया गया परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| निविदाकार अजय कुमार पटेल, भभुआ, वार्ड नं0-6, कैमूर के दिनांक-16.12.2025 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है कि उक्त कार्य के तकनीकी बीड के मूल्यांकन में निविदा समिति द्वारा पूर्व के निविदा में Financial Turn Over के Form 3CD में Nature of Business or Profession में Whole Sale & Retail trade दर्शाया गया है का कारण देकर टेक्निकल विड के मूल्यांकन में असफल घोषित किया गया है।<br>ज्ञातव्य हो की फाइनेंसियल टर्न ओवर चार्टेड एकाउंटेट द्वारा भूलवश 3CD में कंस्ट्रक्शन के जगह Whole Sale का Code अंकित कर दिया गया था। उक्त संबंध की जानकारी प्राप्त हाने पर पुनः चार्टेड Accoutent द्वारा संशोधित करके वास्तविक कार्य कंस्ट्रक्शन का Cod अंकित किया गया है। फाइनेंसियल टर्न ओवर ऑनलाइन विथ UDIN के साथ अपलोड है।<br>पूर्व निविदा तथा वर्तमान निविदा दोनों का एक साथ मूल्यांकन करने का कोई प्रावधान नहीं होता है। फाइनेंसियल टर्न ओवर को GST एवं Income Tax से देखा जा सकता है। मेरी ठीकेदारी निबंधन व्यक्तिगत मेरे नाम से | उक्त परिवाद के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदाकार अजय कुमार पटेल, भभुआ, वार्ड नं0-6, कैमूर द्वारा दिये गये परिवाद को मुख्य अभियंता (द0) के पत्रांक-4289 दिनांक-23.12.2025 द्वारा इनकम टैक्स रिटर्न फाईल कागजात/अभिलेख को दिनांक-29.12.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में ऑन लाईन डाउनलोड कर प्रस्तुत करने का पत्र भेजा गया था जिसके आलोक में उनके द्वारा वार्षिक टैक्स स्टेटमेंट डाउनलोड कर प्रस्तुत किया गया जिसे आंत्तरिक वित्तीय सलाहकार से मंतव्य हेतु भेजा गया। उनके अनुसार Section 194C (Payments to Contractors & Subcontractors) के अन्तर्गत भुगतान मद पर टी0डी0एस0 मद की कटौती किया गया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह कार्य Gross Revenue from civil |

| | |
|---|---|
| है। मेरे द्वारा केवल ठीकेदारी का कार्य किया जाता है। इसके अलावा मेरे द्वारा कोई भी Whole Sale का कार्य नहीं किया जाता है। साथ ही कभी भी Whole Sale का कार्य नही किया गया है। साक्ष्य में मेरे द्वारा उपर्युक्त संबंध का चार्टेड एकाउटेंट द्वारा पुनः फाइनेंसियल टर्न ओवर के संशोधन का प्रमाण-पत्र दिया जा रहा है।<br>एस0बी0डी0 की कंडीका 4.5A(a) अनुबंध प्रदान करने हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बोलीदाता के नाम पर पिछले पॉच वर्षो में, जैसा कि परिशिष्ट में उल्लिखित है, न्यूनतम वार्षिक वित्तीय कारोबार (केवल सिविल इंनीनियरिंग निर्माण कार्यों की सभी श्रेणियों में) प्राप्त किया हो, जो निर्माण कार्य की मात्रा का कम से कम 50% (पचास प्रतिशत) हो, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। कारोबार को एक वर्ष के लिए 8% की दर से अनुक्रमित किया जाएगा। जबकि वर्तमान निविदा में फाइनेंसियल टर्न ओवर में निर्माण कार्यो को दर्शाया गया है। जिसके पहलस्वरूप SBD की कंडीका 4.5A(a) के अनुरूप है। एतयेव तकनीकी बिड के मूल्यांकन में सफल घोषित करने योग्य है।<br>एस0बी0डी0 की कंडीका 4.7 न्यूनतम योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले बोलीदाता केवल तभी योग्य माने जाऐंगे जब उनकी उपलब्ध बोली क्षमता कुल बोली मूल्य से अधिक हो। उपलब्ध बोली क्षमता की गणना नियमानुसार की जाएगी मूल्यांकित उपलब्ध बोली क्षमता =(A*N*3-B) जहॉ A= पिछले पॉच वर्षो के दौरान किसी एक वर्ष में निष्पादित सिविल इंजिनियरिंग कार्यो का अधिकतम मूल्य (परिशिष्ट में दर्शाए गए वर्ष के मूल्य स्तर तक अद्यतन), जिसमें पूर्ण हो चुके और प्रगति पर चल रहे कार्यो को भी शामिल किया गया है।<br>N= उन कार्यो के पूरा होने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिनके लिए बोलियॉ आमंत्रित की जाती है।<br>B= मौजूदा प्रतिबद्धताओं और अगले दो वर्षो (जिन कार्यो के पूरा होने की अवधि जिनके लिए बोलियॉ आमंत्रित की जाती है) के दौरान पूरे किए जाने वाले चालू कार्यो का मूल्य (परिशिष्ट में दर्शाए गए वर्ष के मूल्य स्तर तक अद्यतन)। जबकि एस0बी0डी0 की कंडिका 4.7 तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल | contract work है।<br>अतः निविदाकार अजय कुमार पटेल, भभुआ, वार्ड नं0-6, कैमूर द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए इन्हें सफल किया जाता है। |

| | |
|---|---|
| घोषित करने योग्य है।<br>अतः अनुरोध है कि वर्तमान में मेरे द्वारा निविदा में अपलोड किये गए फाइनेसियल टर्न ओवर जो कंसट्रक्सन का 3CD में दिया गया है, उसे मान्य करके तकनीकी बीड के मूल्यांकन में सफल घोषित करके निविदा का निष्पादन करने की कृपा किया जाय। | |

अतः सभी चार निविदाकार को तकनीकी बीड में **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) अरविन्द कुमार सिंह, बेली रोड, पटना (2) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, पकरी, आरा (3) अजय कुमार सिंह, बारे, कैमूर, भभुआ (4) अजय कुमार पटेल, भभुआ, वार्ड नं0-6, कैमूर को **सफल** घोषित करते हुए सफल निविदाकार का वित्तीय खोले जाने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/-<br>(विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-01-55/2025.......142/57 पटना/दिनांक..09/01/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

9/1/26

E:/V/Block.F.P-3/2026-24